prepp

Practice, Learn and Achieve Your Goal with Prepp

# UGC NET Exam

Hindi

Simplifying
**Government Exams**

SSC CHSL | IAS EXAM | RRB NTPC | NTSE | CDS
SSC CGL | CBSE UGC NET | IBPS PO | NDA
SBI PO | IBPS CLERK | AFCAT | SSC JE | CTET
CSIR UGC NET | CAPF | IBPS RRB

www.prepp.in

# PAPER-II
# HINDI

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ___________________________

   (Name) ______________________________

2. (Signature) ___________________________

   (Name) ______________________________

OMR Sheet No. : ..............................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.__________________________________

(In words)

**J 2 0 1 1**

Time : 1 1/4 hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **8**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** (A) (B) ⬤ (D)

   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।

   **उदाहरण :** (A) (B) ⬤ (D)

   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

# HINDI
# हिन्दी
## Paper – II
## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(50 × 2 = 100 अंक)**

**1.** महाप्रभु वल्लभाचार्य के शिष्यों का वृत्तान्त इस ग्रंथ में है :
(A) दो सौ बावन वैष्णवन की वार्ता
(B) भक्तिमाल
(C) चौरासी वैष्णवन की वार्ता
(D) वचनामृत

**2.** 'काशी में हम प्रगट भए, रामानन्द चेताये ।' किसकी पंक्ति है ?
(A) कबीर (B) तुलसी
(C) सूर (D) रैदास

**3.** 'रासो' शब्द की उत्पत्ति 'रसायण' से किसने मानी है ?
(A) गार्साँ-द-तासी
(B) पं. रामनारायण दूगड
(C) रामचन्द्र शुक्ल
(D) पं. हरप्रसाद शास्त्री

**4.** लक्षण ग्रंथ का अर्थ है
(A) नायिका भेद
(B) काव्यांग विवेचन
(C) रस निष्पत्ति
(D) गुण-दोष

**5.** निम्नलिखित कवियों में रीतिसिद्ध कौन हैं ?
(A) बिहारी (B) घनानन्द
(C) मतिराम (D) तोष

**6.** 'अनुमितिवाद' के प्रतिष्ठाता कौन हैं ?
(A) भरतमुनि (B) आनन्दवर्धन
(C) शंकुक (D) अभिनव गुप्त

**7.** 'किंशुक कुसुम जानकर झपटा भौंरा शुक की लाल चोंच पर !
तोते ने निज ठोर चलाई जामुन का फल उसे सोचकर ।।'
– में कौन सा अलंकार है ?
(A) संदेह (B) स्वभावोक्ति
(C) अन्योक्ति (D) भ्रांतिमान

**8.** 'काव्यालंकार' के रचयिता हैं
(A) भरत (B) कुन्तक
(C) भामह (D) दण्डी

**9.** निम्नलिखित में से कौन भारोपीय परिवार की भाषा नहीं है ?
(A) मराठी (B) गुजराती
(C) मलयालम (D) हिंदी

**10.** ब्रज भाषा कहाँ बोली जाती है ?
(A) इलाहाबाद
(B) ओरछा एवं झाँसी
(C) मथुरा-वृंदावन
(D) बनारस

**11.** 'विश्वजन की अर्चना में नहीं बाधक था इस व्यष्टि का अभिमान' – किसकी पंक्ति है ?
(A) भारतभूषण अग्रवाल
(B) अज्ञेय
(C) नेमीचन्द्र जैन
(D) त्रिलोचन

**12.** 'मतवाला' के संपादक कौन थे ?
(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(B) धर्मवीर भारती
(C) निराला
(D) शिवपूजन सहाय



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

13. 'साखी' किसका संकलन है ?
(A) शमशेर बहादुर सिंह
(B) कीर्ति चौधरी
(C) हरिनारायण व्यास
(D) विजयदेव नारायण साही

14. 'जीवन-विवेक ही साहित्य विवेक है' – किसका कथन है ?
(A) रामविलास शर्मा
(B) हज़ारीप्रसाद द्विवेदी
(C) मुक्तिबोध
(D) अज्ञेय

15. निम्नलिखित में से कौन प्रगतिशील आलोचक नहीं हैं ?
(A) नन्ददुलारे वाजपेयी
(B) शिवदानसिंह चौहान
(C) प्रकाशचन्द्र गुप्त
(D) रामविलास शर्मा

16. 'अल्मा कबूतरी' किसकी रचना है ?
(A) मृदुला गर्ग (B) गीतांजलिश्री
(C) मैत्रेयी पुष्पा (D) चित्रा मुद्गल

17. 'विलोम' किस नाटक का पात्र है ?
(A) चंद्रगुप्त
(B) अंधायुग
(C) कोमल गांधार
(D) आषाढ़ का एक दिन

18. हिंदी भाषा की उत्पत्ति हुई है
(A) वैदिक संस्कृत
(B) लौकिक संस्कृत
(C) शौरसेनी अपभ्रंश
(D) प्राकृत

19. निम्नलिखित में से कौन सी कृति आत्मकथा है ?
(A) कलम का सिपाही
(B) चीड़ों पर चाँदनी
(C) अर्द्धकथानक
(D) बाणभट्ट की आत्मकथा

20. 'छितवन की छाँह' निबंध संग्रह के रचयिता कौन हैं ?
(A) बालकृष्ण भट्ट
(B) हरिशंकर परसाई
(C) विद्यानिवास मिश्र
(D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

21. कालक्रम के अनुसार चतुरसेन शास्त्री के उपन्यासों का सही अनुक्रम कौन सा है ?
(A) हृदय की परख, हृदय की प्यास, अमर अभिलाषा, आत्मदाह
(B) आत्मदाह, अमर अभिलाषा, हृदय की प्यास, हृदय की परख
(C) हृदय की प्यास, आत्मदाह, हृदय की परख, अमर अभिलाषा
(D) अमर अभिलाषा, हृदय की परख, आत्मदाह, हृदय की प्यास

22. कालखंड की दृष्टि से कहानियों का सही अनुक्रम लिखिए :
(A) कफन, ग्राम, पोल गोमरा का स्कूटर, डिप्टी कलेक्टरी
(B) ग्राम, कफन, डिप्टी कलेक्टरी, पोल गोमरा का स्कूटर
(C) पोल गोमरा का स्कूटर, डिप्टी कलेक्टरी, कफन, ग्राम
(D) डिप्टी कलेक्टरी, पोल गोमरा का स्कूटर, ग्राम, कफन

23. निम्नलिखित नाटकों का सही अनुक्रम कौन सा है ?
(A) राज्यश्री, खजुराहो का शिल्पी, कोणार्क, भारत दुर्दशा
(B) कोणार्क, भारत दुर्दशा, राज्यश्री, खजुराहो का शिल्पी
(C) खजुराहो का शिल्पी, कोणार्क, राज्यश्री, भारत दुर्दशा
(D) भारत दुर्दशा, राज्यश्री, कोणार्क, खजुराहो का शिल्पी



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**24.** कालक्रमानुसार ग्रंथों का सही अनुक्रम है

(A) काव्य प्रकाश, दशरूपक, काव्यालंकारसूत्रवृत्ति, नाट्यशास्त्र

(B) नाट्यशास्त्र, काव्यालंकारसूत्रवृत्ति, दशरूपक, काव्य प्रकाश

(C) काव्यालंकारसूत्रवृत्ति, नाट्यशास्त्र, काव्य प्रकाश, दशरूपक

(D) दशरूपक, काव्य प्रकाश, काव्यालंकारसूत्रवृत्ति, नाट्यशास्त्र

**25.** प्रकाशन काल के अनुसार निम्नलिखित यात्रा-वर्णनों का सही अनुक्रम बताइए :

(A) अरे यायावर रहेगा याद, देश-विदेश, तंत्रलोक से यंत्रलोक तक, हँसते निर्झर दहकती भट्टी

(B) हँसते निर्झर दहकती भट्टी, देश-विदेश, अरे यायावर रहेगा याद, तंत्रलोक से यंत्रलोक तक

(C) देश-विदेश, तंत्रलोक से यंत्रलोक तक, हँसते निर्झर दहकती भट्टी, अरे यायावर रहेगा याद

(D) अरे यायावर रहेगा याद, देश-विदेश, हँसते निर्झर दहकती भट्टी, तंत्रलोक से यंत्रलोक तक

**26.** निम्नलिखित रचनाकारों का सही अनुक्रम निर्धारित कीजिए :

(A) भगवतीचरण वर्मा, बच्चन, अज्ञेय, नरेन्द्र शर्मा

(B) अज्ञेय, नरेन्द्र शर्मा, बच्चन, भगवतीचरण वर्मा

(C) बच्चन, भगवतीचरण वर्मा, नरेन्द्र शर्मा, अज्ञेय

(D) नरेन्द्र शर्मा, अज्ञेय, बच्चन, भगवतीचरण वर्मा

**27.** ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त रचनाकारों का सही क्रम लिखिए :

(A) कुँवर नारायण, निर्मल वर्मा, दिनकर, अज्ञेय

(B) अज्ञेय, दिनकर, कुँवर नारायण, निर्मल वर्मा

(C) दिनकर, अज्ञेय, निर्मल वर्मा, कुँवर नारायण

(D) निर्मल वर्मा, कुँवर नारायण, अज्ञेय, दिनकर

**28.** आदिकालीन रचनाओं का सही अनुक्रम कौन सा है ?

(A) भरतेश्वर बाहुबली रास, स्थूलिभद्र रास, नेमिनाथ रास, संगीत रत्नाकर

(B) स्थूलिभद्र रास, नेमिनाथ रास संगीत रत्नाकर, भरतेश्वर बाहुबली रास

(C) नेमिनाथ रास, स्थूलिभद्र रास, भरतेश्वर बाहुबली रास, संगीत रत्नाकर

(D) संगीत रत्नाकर, भरतेश्वर बाहुबली रास, नेमिनाथ, स्थूलिभद्र रास

**29.** रचनाकाल के अनुसार सही अनुक्रम लिखिए :

(A) इन्द्रधनु रौंदे हुए थे, सीढ़ियों पर धूप, नए इलाके में, वाजश्रवा के बहाने

(B) वाजश्रवा के बहाने, नए इलाके में, सीढ़ियों पर धूप, इंद्रधनु रौंदे हुए थे

(C) नए इलाके में, सीढ़ियों पर धूप, इंद्रधनु रौंदे हुए थे, वाजश्रवा के बहाने

(D) सीढ़ियों पर धूप, इंद्रधनु रौंदे हुए थे, वाजश्रवा के बहाने, नए इलाके में

**30.** काव्य-लक्षण और उनके प्रतिष्ठापकों का सुमेलन कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) 'शब्दार्थों सहितौ काव्यम् ।' | (i) पण्डितराज जगन्नाथ |
| (b) 'शरीरं तावदिष्टार्थ व्यवच्छिन्ना पदावली ।' | (ii) विश्वनाथ |
| (c) 'रमणीयार्थ प्रतिपादक: शब्द: काव्यम् ।' | (iii) कुंतक |
| (d) 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम् ।' | (iv) दण्डी |
| | (v) भामह |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (v) |
| (B) | (iv) | (v) | (iii) | (i) |
| (C) | (v) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**31.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) अभिव्यंजनावाद | (i) इलिएट |
| (b) अंतश्चेतनावादी यथार्थवाद | (ii) वर्ड्सवर्थ |
| (c) स्वच्छंदतावाद | (iii) क्रोचे |
| (d) संप्रेषण | (iv) रिचर्ड्स |
| | (v) डी.एच.लारेन्स |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (v) |
| (B) | (v) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iv) | (i) | (v) | (ii) |
| (D) | (iii) | (v) | (ii) | (iv) |

**32.** निबंधकार और कृतियों का सुमेलन कीजिये :

| | |
|---|---|
| (a) कुबेरनाथ राय | (i) चिंतामणि |
| (b) हज़ारीप्रसाद द्विवेदी | (ii) प्रिया नीलकंठी |
| (c) विद्यानिवास मिश्र | (iii) मेरे राम का मुकुट भीग रहा है |
| (d) रामचन्द्र शुक्ल | (iv) भीष्म को क्षमा नहीं किया |
| | (v) साहित्य देवता |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (iv) | (v) |
| (B) | (v) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (D) | (iv) | (v) | (ii) | (iii) |

**33.** उपन्यास और उपन्यासकारों का सुमेलन कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) पुनर्नवा | (i) यशपाल |
| (b) कब तक पुकारुँ | (ii) भगवतीचरण वर्मा |
| (c) भूले बिसरे चित्र | (iii) हज़ारीप्रसाद द्विवेदी |
| (d) मनुष्य के रूप | (iv) रांगेय राघव |
| | (v) अमृतलाल नागर |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (v) | (iv) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (v) | (iv) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iv) | (v) | (iii) | (i) |

**34.** पत्रिकाओं तथा उनके संपादकों का सुमेलन कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) वागर्थ | (i) कमला प्रसाद |
| (b) नया ज्ञानोदय | (ii) प्रयाग शुक्ल |
| (c) वसुधा | (iii) रवीन्द्र कालिया |
| (d) रंग प्रसंग | (iv) अखिलेश |
| | (v) विजय बहादुर सिंह |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (v) | (iv) | (iii) |
| (B) | (v) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (v) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

**35.** कहानीकार और उनकी कहानियों का सुमेलन कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) उषा प्रियंवदा | (i) सिक्का बदल गया |
| (b) मन्नू भंडारी | (ii) परिन्दे |
| (c) कृष्णा सोबती | (iii) वापसी |
| (d) निर्मल वर्मा | (iv) आर्द्रा |
| | (v) अकेली |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (v) | (i) | (ii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (D) | (v) | (i) | (iii) | (ii) |

**36.** पंक्तियों के साथ कवियों का सुमेलन कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) जिधर अन्याय, है उधर शक्ति | (i) नागार्जुन |
| (b) नारी तुम केवल श्रद्धा हो | (ii) दिनकर |
| (c) बहुत दिनों तक चक्की रोई, चूल्हा रहा उदास | (iii) निराला |
| (d) सिंहासन खाली करो कि जनता आती है | (iv) पंत |
| | (v) प्रसाद |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iv) | (iii) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (v) | (i) | (ii) |
| (D) | (iv) | (v) | (ii) | (iii) |

prepp



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

37. विधा को उसकी रचना के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | कविता | (i) | पहला गिरमिटिया |
| (b) | कहानी | (ii) | देहान्तर |
| (c) | उपन्यास | (iii) | अशोक के फूल |
| (d) | नाटक | (iv) | शहादतनामा |
| | | (v) | अबूतर-कबूतर |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (i) | (iii) | (ii) | (v) |
| (C) | (iv) | (v) | (iii) | (i) |
| (D) | (ii) | (iii) | (v) | (iv) |

38. पात्र को उसकी कृति के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | निउनिया | (i) | नदी के द्वीप |
| (b) | रायसाहब | (ii) | मैला आँचल |
| (c) | प्रशांत | (iii) | महाभोज |
| (d) | रेखा | (iv) | गोदान |
| | | (v) | बाणभट्ट की आत्मकथा |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (v) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (iv) | (ii) | (i) | (v) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (v) |

39. नाटक को उसके पात्रों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | चन्द्रगुप्त | (i) | विलोम |
| (b) | आषाढ़ का एक दिन | (ii) | ओक्काक |
| (c) | सूर्य की अंतिम किरण से सूर्य की पहली किरण तक | (iii) | मेघराज आनंद |
| (d) | देहान्तर | (iv) | सिंहरण |
| | | (v) | पुरू |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (B) | (iv) | (i) | (ii) | (v) |
| (C) | (iii) | (iv) | (v) | (ii) |
| (D) | (ii) | (v) | (iv) | (iii) |

40. **स्थापना (Assertion) (A) :** आन्तरिक संवेद्य-भावों की रसाग्रही अभिव्यक्ति कविता है ।

**तर्क (Reason) (R) :** क्योंकि कविता लोकरंजन से जुड़ी हुई है ।

(A) (A) गलत (R) सही

(B) (A) सही (R) सही

(C) (A) गलत (R) गलत

(D) (A) सही (R) गलत

41. **स्थापना (Assertion) (A) :** दण्ड कोप का ही एक विधान है ।

**तर्क (Reason) (R) :** क्योंकि दण्ड से कोपशमन होता है ।

(A) (A) सही (R) गलत

(B) (A) सही (R) सही

(C) (A) गलत (R) सही

(D) (A) गलत (R) गलत

42. **स्थापना (Assertion) (A) :** श्रद्धा का मूलतत्त्व है दूसरे का महत्त्व स्वीकारना ।

**तर्क (Reason) (R) :** क्योंकि स्वार्थियों और अभिमानियों के हृदय में श्रद्धा टिक सकती है ।

(A) (A) गलत (R) गलत

(B) (A) गलत (R) सही

(C) (A) सही (R) सही

(D) (A) सही (R) गलत

43. **स्थापना (Assertion) (A) :** सबसे मधुर या रसमयी वाग्धारा वही है जो करुण प्रसंग लेकर चले ।

**तर्क (Reason) (R) :** कविता में करुण प्रसंग अनिवार्य है ।

(A) (A) सही (R) गलत

(B) (A) गलत (R) गलत

(C) (A) गलत (R) सही

(D) (A) सही (R) सही

Prepp



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

44. **स्थापना (Assertion) (A) :** प्रेमचन्द ने साहित्य में मनुष्य के स्वत्व का अन्वेषण किया है ।

**तर्क (Reason) (R) :** प्रेमचन्द की रचनाएँ कल्पनाश्रित हैं ।

(A) (A) गलत (R) सही

(B) (A) सही (R) सही

(C) (A) गलत (R) गलत

(D) (A) सही (R) गलत

45. **स्थापना (Assertion) (A) :** कबीर क्रांतिकारी कवि हैं ।

**तर्क (Reason) (R) :** वीर और ओज उनकी कविता के मुख्य स्वर हैं ।

(A) (A) सही (R) सही

(B) (A) गलत (R) गलत

(C) (A) सही (R) गलत

(D) (A) गलत (R) सही

**निर्देश :** निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उससे संबंधित प्रश्नों (प्रश्न संख्या **46** से **50** तक) के उत्तरों के दिये गये बहुविकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें ।

कलियुग सब युगों से अच्छा है, क्योंकि इसमें मानस-पाप का कुछ फल नहीं होता, किंतु मानस-पुण्य का पूरा फल मिलता है । राम का नाम राम से भी बड़ा है, भय की कोई ज़रूरत नहीं है । योग ने गृहस्थ को ज़रूरत से ज्यादा संशयालु बना दिया था, भक्ति ने पूरा आशावादी । एक ने मुक्ति को महँगा सौदा बता दिया, दूसरे ने बहुत सस्ता । योग में गलदश्रु भावुकता को कोई स्थान नहीं । जो भक्ति पद-पद पर भक्त को कंप, आवेग, जड़ता और रोमोद्‌गम की अवस्था ले आ देती है वह इस क्षेत्र में अपरिचित थी और यदि सचमुच ही भाग और विभाग कल्पित हैं, कल्प-विकल्प बेकार हैं, संसार मृग-मरीचिका है, परम तत्त्व विभाग और अविभाग से परे है, सूक्ष्म और स्थूल के अतीत है – यदि वे एक-रस है, समरस है तो फिर रोने से होता क्या है ?

46. कलियुग सब युगों से क्यों अच्छा है ?

(A) क्योंकि इसमें पाप और पुण्य समान हैं ।

(B) इसमें मानस पाप का फल मिलता है ।

(C) इसमें मानस पाप से मनुष्य दंडित नहीं होता है ।

(D) इसमें मानस पुण्य का फल मिलता है ।

47. भक्ति ने मुक्ति को क्यों सस्ता बना दिया है ?

(A) भक्ति साधना कठिन नहीं है ।

(B) भक्त की दृष्टि में मुक्ति का कोई महत्त्व नहीं है ।

(C) भक्ति ईश्वरीय प्रेम के कारण सुलभ है ।

(D) भक्ति में योग के समान कृच्छ साधना नहीं है ।

48. योग में गलदश्रु भावुकता को क्यों स्थान नहीं है ?

(A) योग साधना कठोर साधना है ।

(B) योग में भावना को स्थान नहीं है ।

(C) योग की पद्धति में ज्ञान की शुष्कता है।

(D) योग गृहस्थ के लिए दुष्कर है ।

49. योग और भक्ति ने गृहस्थ को किस रूप में प्रभावित किया है ?

(A) गृहस्थ के लिए योग साधना कठिन है ।

(B) भक्ति में सरसता है, योग में दुष्करता है ।

(C) भक्ति एक सस्ता सौदा है, योग महँगा ।

(D) गृहस्थ के लिए भक्ति आकर्षक है, योग में दुष्करता है ।

50. परम तत्त्व क्या है ?

(A) वह अखण्ड चैतन्य स्वरूप है ।

(B) वह विभाग-अविभाग से परे है ।

(C) वह गुणहीन-आकारहीन है ।

(D) वह मायातीत है ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

prepp

# Latest Sarkari jobs, Govt Exam alerts, Results and Vacancies

- Latest News and Notification
- Exam Paper Analysis
- Topic-wise weightage
- Previous Year Papers with Answer Key
- Preparation Strategy & Subject-wise Books

To know more **Click Here**

www.prepp.in